प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने संयुक्त शासन सचिव एवं दो दलालों को 4 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

जयपुर,4 सितंबर 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) मुख्यालय,जयपुर स्पेशल यूनिट द्वितीय ने बुधवार को कार्यवाही करते हुए खान विभाग शासन सचिवालय जयपुर में पदस्थापित संयुक्त शासन सचिव बंशीधर कुमावत एवं दलाल विकास डांगी वह ओम सिंह को 4 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय की तकनीकी शाखा एवं एसीबी की गोपनीय सूचना के आधार पर खान विभाग जयपुर में चल रहे भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए संयुक्त शासन सचिव बंसीधर कुमावत को दलाल विकास डांगी व ओम सिंह के माध्यम से रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि रिश्वत की यह राशि लीज धारक के माइंस पर लगी करीब 8.50 करोड़ की पेनल्टी में राहत देने की एवज में दलाल विकास डांगी ने लीज धारक से 7 लाख रुपए की रिश्वत ली जिसमें से 2 लाख रुपए स्वयं रखते रखते हुए 5 लाख रुपए दलाल ओम सिंह को दिए । दलाल ओम सिंह ने 4 लाख रुपए संयुक्त शासन सचिव खान विभाग बंशीधर कुमावत को दिए।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्पेशल यूनिट प्रथम श्री पृथ्वीराज मीणा के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई करते हुए संयुक्त शासन सचिव बंशीधर कुमावत एवं दलाल विकास डांगी वह

ओम सिंह को 4 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है।